**नगर निगम, शाहजहाँपुर।**

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक 23.06.2020**

**नगर निगम से सम्बन्धित प्रत्येक समस्या के समाधान हेतु कृपया कन्ट्रोल रूम फोन नम्बर–05842–225437 अथवा मोबाइल नं0– 7355338008 पर सम्पर्क करे,**

- **मण्डलायुक्त महोदय बरेली मण्डल ने आज दिनांक 23.06.2020 को नगर निगम द्वारा कराये जा रहे विकास कार्यो का किया निरीक्षण।**
- **नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार नगर क्षेत्र में युद्ध स्तर पर चल रहा हैं नालो एवं डीप ड्रेन की सफाई का कार्य ।**
- **नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार कोविड–19 महामारी के दृष्टिगत रोस्टर के अनुसार सैनेटाईजेशन एवं फागिंग का कार्य कराया जायेगा। इसके अतिरिक्त कोविड–19 कोरोना वायरस के संकमण के बचाव के लिये नगर निगम द्वारा शहर प्रतिदिन साफ–सफाई, सेनेटाईजेंशन तथा फागिंग का कार्य कराया जा रहा है।**

1– मण्डलायुक्त महोदय बरेली मण्डल बरेली आज दिनांक 23.06.2020 ने जनपद–शाहजहाँपुर में भ्रमण के दौरान नगर निगम द्वारा कराये जा रहे विभिन्न विकास कार्यो का निरीक्षण किया गया। मा0 मुख्यमंत्री की प्रेरणा से शहर के मो0 चौभुर्जी निकट जलकल परिसर, आरीटोरियम का निर्माण कराया जा रहा है। मण्डलायुक्त महोदय द्वारा समीक्षा बैठक के उपरान्त इसका निरीक्षण किया गया। इसके बाद नगर निगम द्वारा ककरा काकर कुंड में बनाये जा रहे, जैव विविधता पार्क तथा आवादी से पार्क तक निर्माणाधीन रोड निरीक्षण किया गया। मण्डलायुक्त महोदय द्वारा नगर निगम के द्वारा कराये जा रहे कार्यो की प्रसन्नता व्यक्त की गई तथा निर्देशित किया गया कि रूपरेखा तैयार कर इस क्षेत्र का नियोजित रूप से विकास किया जाये। निरीक्षण के समय जिलाधिकारी श्री इन्द्र विक्रम सिंह,पुलिस अधीक्षक श्री एस0 आनंद, नगर आयुक्त श्री संतोष कुमार शर्मा, सहायक नगर आयुक्त श्री आशुतोष कुमार दुबे तथा महाप्रबन्धक (जल)वी0एन द्विवेदी,मुख्य अभियन्ता (सिविल),श्री दिनेश चन्द्र सचान,नगर स्वास्थ्य अधिकारी,डा0 ओ0पी0गौतम, अधिशासी अभियन्ता श्री विपुल कुमार, राजस्व विभाग की टीम आदि मौजूद रहे।

2– नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार नियमित रूप से सफाई का कार्य किया जा रहा है। सफाई जोन–02 में ब्रज बिहार कालोनी के पीछे रेलवे लाइन के पास बने नाले की सफाई का कार्य सफाई निरीक्षक श्री हरवंश कुमार दीक्षित एवं सफाई नायक श्री प्रेम शंकर तथा सफाई जोन–3 में मो0 खलीलशर्की चौभुर्जी में बने नाले से निकले मलवे/सिल्ट को उठवाने का कार्य सफाई निरीक्षक श्री राजमंगल की देख रेख में कराया गया। **सफाई जोन–4 मे मो0 अजीजगज में बने नाले की सफाई का कार्य सफाई निरीक्षक श्री चन्द्रवीर सागर एवं सफाई नायक श्री रामबाबू की देख रेख में तथा सफाई जोन–5 में ख्वाजा फिरोज में बने नाले की सफाई का कार्य कराया गया।** इसके अतिरिक्त नगर के विभिन्न क्षेत्रों में (डीप ड्रेन) छोटे नालो की सफाई भी कराई जा रही है। नगर आयुक्त महोदय ने कोरोना कोविड–19 के चलते सभी नालों एवं छोटे नालो की सफाई का कार्य यथाशीघ्र कराया जाये। नगर आयुक्त महोदय ने नगर स्वास्थ्य अधिकारी एवं सफाई निरीक्षको को निर्देशित किया कि नालो की सफाई तलीझाड़ होना चाहिये और जो नाले से मलबा निकले उसे उठवा कर उसका तत्काल निस्तारण भी कराया जा रहा है। जिससे आमजन को आवागमन में कठिनाई न उत्पन्न हो।

3– नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार आज दिनांक 23.06.2020 को सेनेटाइजेंशन का कार्य – बिजलीपुरा, हनुमतधाम, मदराखेल, बगंश, आई0टी0आई कॉलोनी, हाण्डा कॉलोनी, अजीजगंज स्थित रैन बसेरा, बरेली मोड, कोतवाली, राजघाट पुलिश चौकी, नई बस्ती, रेती, रेयान इंटरनेशनल स्कूल, बृज बिहार कालोनी,कृष्णानगर कालोनी, कचहरी जज साहब का बंगला, दुर्घटना न्यायालय किशोर न्यायालय, खिरनीबाग सराय, लाला तेली बजरिया, रामनगर, दिलाजाक एवं फागिंग का कार्य– मुमुक्षु आश्रम, पॉलिटेक्निक कालेज, बी0एस0 पब्लिक स्कूल,रैन बसेरा, नई बस्ती, रेती, रेयान इंटरनेशनल स्कूल, ऑफीसर्स कॉलोनी में कराया गया।

कल दिनांक 24.06.2020 को रोस्टर के अनुसार हाथीथान,गदियाना, बाडूजई पेशावरी, चमकनी, बहादुरगंज, रंगीन चौपाल, मामूड़ी बारादरी, तारीन बहादुरगंज, कटिया टोला,खिरनीबाग, बृज बिहार, बिजलीपुरा, सिन्जई, अकब मस्जिद कॉच,कच्चा कटरा, दिलावरगंज, तिराही,वाजिदखेल, मानूजई, जियाखेल, महमन्दगढ़ी, अहमदपुर रेती,विजयपुर रेती, हॉडा कालोनी से ग्रीन वैली स्कूल स्कूल,फत्तेपुर रेती तक में कराया जायेगा।

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहाँपुर।
23/6/2020

Generated by CamScanner